जागरण

Jewar International Airport की ओपनिंग को लेकर बड़ा अपडेट, UP सरकार के मंत्री ने बताया कब से होगा शुरू

Jewar International Airport जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बुधवार को विभागीय मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने की। परियोजनाओं की प्रगति जानने के साथ ही उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट अक्टूबर 2024 तक तैयार हो जाएगा जबकि मार्च 2024 से उसके संचालन का परीक्षण शुरू हो जाएगा।

UP Latest News:लखनऊ, राज्य ब्यूरो। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट (Jewar International Airport) के चालू होने को लेकर लोगों को बेसब्री से इंतजार है। ज्यादातर लोगों के मन में जेवर एयरपोर्ट चालू होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि यूपी सरकार की ओर से जेवर एयरपोर्ट को शुरू करने को लेकर काम तेजी से जारी है। जेवर एयरपोर्ट कब तक चालू हो जाएगा इसको लेकर भी योगी सरकार (Yogi Government) के मंत्री ने स्थिति स्पष्ट कर दी है।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास कार्य, लाजिस्टिक पार्क, वेयरहाउस निर्माण, जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बुधवार को विभागीय मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' ने की। परियोजनाओं की प्रगति जानने के साथ ही उन्होंने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अक्टूबर, 2024 तक तैयार हो जाएगा, जबकि मार्च, 2024 से उसके संचालन का परीक्षण शुरू हो जाएगा।

पिकअप भवन में आयोजित बैठक में औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' ने अधिकारियों को यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाले सभी इलाकों में समुचित विकास कराने के निर्देश दिए। कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की योजनाओं को सरल बनाते हुए औद्योगिक क्षेत्र में ग्रुप हाउसिंग की भी व्यवस्था की जाए। वहीं, अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में धन उगाही की शिकायत आने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।
अधिकारियों ने बताया कि बुलंदशहर, हाथरस आदि जिलों के कुछ गांवों को डिनोटिफाई करने का अनुरोध किया गया था। नोएडा से आगरा तक एक्सप्रेसवे से सटे हुए गांव ही यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में रहें, ऐसा प्रस्ताव है। टप्पल में लाजिस्टिक पार्क बन रहा है। टप्पल नगर पंचायत घोषित हो गई है, जिसे फिर से प्राधिकरण को वापस करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 29 गांवों में से तीन गांव को स्मार्ट विलेज बनाया जा रहा है। सितंबर तक शत प्रतिशत काम पूरे हो जाएंगे। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार, विशेष सचिव बीएन सिंह, यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह, एसीईओ मोनिका रानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।
मथुरा से सात किलोमीटर पहले बनाया जाएगा एक ग्रीनफील्ड शहर : मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' को बताया गया कि राया नगरीय केंद्र वृंदावन की महायोजना में बांके बिहारी मंदिर के चारों तरफ ग्रीनफील्ड शहर बनाने की योजना थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण अब मथुरा से सात किलोमीटर पहले एक नया ग्रीनफील्ड शहर बनाने के प्रस्ताव पर काम चल रहा है, जिसे डेढ़ वर्ष में पूरा किया जाना प्रस्तावित है।